हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–50 : जौनपुर, शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने लगाया जनता दरबार : फरियादियों की सुनी फरियाद

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए हुए हैं। उन्होंने गुरुवार शाम गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर और बस्ती में बाढ़ का हवाई सर्वेक्षण किया। वहीं शुक्रवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दरबार लगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देश दिया कि हर किसी के साथ न्याय होना चाहिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में जमीन–जायदाद और इलाज के मामले आए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को जमीन की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही इलाज के लिए धन की मांग लेकर आए लोगों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगे बढ़कर वह यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में रुकने न पाए। बहुत से लोग जमीन के विवाद का मामला लेकर पहुंचे थे। इसके अलावा बहुत से इलाज के लिए धन देने की सिफारिश कर रहे थे। उन्होंने 100 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी। शुक्रवार की सुबह हमेशा की तरह तड़के अपने आवास से निकलने के बाद योगी ने सबसे



पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। विधि–विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका दर्शन–पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। मंदिर परिसर के भ्रमण और गोसेवा के बाद वह हिंदू सेवाश्रम गए, जहां सुबह से ही अपनी समस्या बताने के लिए लोग उनका इंतजार कर रहे थे। वहां आए हर–एक के पास खुद पहुंचकर उनका प्रार्थना–पत्र लिया। प्रशासन से जुड़े मामलों का समस्यात्मक आवेदन पत्र उन्होंने जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश को दिया।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवाओं में शैक्षिक एवं खेल कूद के विकास हेतु किया गया उत्कृष्ट प्रयत्न – सौरभ मिश्र

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हरदोई का एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग श्रीशचंद्र बारात घर में संपन्न हुआ उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष भाजपा सौरभ मिश्रा नीरज प्रथम सत्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह व संचालन जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री ने किया। उद्घाटन सत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप जलाकर प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हुई प्रथम सत्र के वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज जी ने प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं पर के विषय पर 3 नए राज्य विश्वविद्यालय 51 नए महाविद्यालय 28 नए इंजीनियरिंग कॉलेज 26 पॉलिटेक्निक कॉलेज 80 में आईआईटी कॉलेजों की स्थापना की गई युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान बनाए गए मोदी जी की सबसे लोकप्रिय योजना उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को निशुल्क गैस सिलेंडर सरकार द्वारा मिले हैं किसानों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री किसान सामान्य निधि योजना योजना चलाई गई द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा इस सत्र की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अंशुमान मिश्रा संचालन जिला महामंत्री भास्कर मौर्य ने किया द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता श्रीमती नीरज वर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान एवं कार्य पद्धति जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क के साथ मतदाता जन संपर्क प्रबुद्ध नागरिक संपर्क पुराने कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क संगठन की संरचना के बारे में बताया तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता प्रदेश संयोजक मीडिया संपर्क विभाग तरुण कांत त्रिपाठी सत्र की अध्यक्षता जिला



उपाध्यक्ष रवि चौधरी उन्होंने संघ विचार परिवार उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ केशव बलीराम हेडगेवार ने की थी संघ का मुख्य उद्देश्य अनुशासित संस्कृतिक व्यक्ति निर्माण करना और संगठित समाज के आधार पर देश को परम वैभव ले जाना है समापन सत्र मैं मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राय समापन सत्र की अध्यक्षता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनील मौर्य जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने भाजपा का इतिहास एवं विकास व्यवस्था परिचय के बारे में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी से मुलाकात के बाद जनसंघ के संगठन प्रक्रिया शुरू हुई 13 फरवरी 1968 को अटल बिहारी वाजपेई जन संघ के अध्यक्ष चुने गए 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी स्थापना की इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य कुलभूषण सिंह मोनू जिला उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता वीरेंद्र सिंह शिवेंद्र सिंह कार्तिकेय तिवारी जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा जिला मंत्री मयंक सिंह सोशल मीडिया प्रभारी आयुष सिह जिला कार्यालय प्रभारी वैभव श्रीवास्तव जिला कार्यसमिति सदस्य रविंद्र मिश्रा गुड्डन अभिषेक सिंह आकाश गुप्ता रवि सिंह नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह गोविंदा संडीला नगर के नगर अध्यक्ष ऋषभ खन्ना हरियावा मंडल के अध्यक्ष गौरव मिश्रा पिहानी नगर के अध्यक्ष अरुण गुप्ता राघवेंद्र सिंह राठौर रोहित सिंह मुकेश अवस्थी विवेक शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लंका को धू धू जलता देख जयकारों से गूँज उठा पंडाल

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के मोहरियाँव गांव में चल रहे आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति में राम सुग्रीव मिलन, हनुमान जी का लंका जाना, लंका दहन का हुआ मंचन। रामलीला मंचन में समुंद्र के किनारे जामवंत, हनुमान वानरी सेना के साथ खड़े रहते है तो जामवंत ने हनुमान के बाल्यकाल की ताकत का एहसास दिलाया तो हनुमान जी जय श्री राम का जयकारा लगाकर समुद्र को पर करके लंका के लिए चल देते है ।और लकिनी और विभीषण से मुलाकात हुई फिर अपनी भूख को मिटाने के लिए अशोक वाटिका पहुंचे हनुमान जी ने वहाँ लगे पेड़ पौधे उखाड़ने लगे तो इसकी सूचना रख वालों ने रावण को दी मेघनाथ ने हनुमान जी को ब्रह्म फाँस में बांधकर दरबार में ले आए रावण के आदेश पर हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी गई हनुमान जी ने पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने सोने की पूरी लंका में आग लगा दी लंका धू–धू कर



जलने लगी और वह कुछ ही देर में जलकर राख हो गई यह दृश्य देख प्रभु श्री राम व पवनसुत हनुमान की जय कारों से रामलीला मैदान गूंज उठा। इस अवसर पर विशंभर नाथ दुबे, भास्कर मणि तिवारी,त्रिभुवन विश्वकर्मा,राकेश यादव, चंदन मिश्र, पवन गुप्ता, मयंक मिश्र, बिल्लू गुप्ता, विमल दुबे, सोनू तिवारी, कार्तिकेय विश्वकर्मा, ईश्वर दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रावण ने विभीषण को लात मारकर बाहर कर दिया रामादल में विभीषण पहुँचते है।

## शोधार्थियों की जन उपयोगी शोध को प्राथमिकता देनी चाहिए –डॉक्टर सपन अस्थाना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के डॉ. सपन अस्थाना, डीन (एकेडमिक्स) ने संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा, राजस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभाग किया। डॉ. सपन अस्थाना अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रबन्धन के प्रथम तकनीकी सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग शोध का है, शोधार्थियों को जन उपयोगी शोध को प्राथमिकता देनी चाहिए। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना ने डॉ. अस्थाना का उत्साहवर्धन किया एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में 300 से ज्यादा शोध पत्र प्राप्त हुए। प्रो. सक्सेना ने उद्घाटन सत्र में भारतीय उच्च शिक्षा में शोध के प्रति रूचि एवं पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि शोधार्थी अपने शोध से पूर्व उपलब्ध साहित्य का ज्यादा से ज्यादा अध्ययन करें एवं सही शोध विषय का चयन करें, यही सफल शोध का आधार होता है। अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान विश्वविद्यालय



के कुलपति प्रो. राजीव जैन, मुख्य अतिथि, नीति आयोग के पूर्व सचिव यदुवेन्द्र माथुर, विशिष्ट अतिथि एवं उद्योग जगत के शिरमौर रामपाल सोनी सहित विभिन्न गणमान्य शिक्षाविदों एवं उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भानू प्रताप सिंह एवं कुलसचिव प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह सहित विभिन्न लोगों ने डॉ. सपन अस्थाना को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## यूपी में बनेंगे 386 उपस्वास्थ्य केंद्र : 52 अयोध्या में व गोरखपुर में बनेंगे 50 सेंटर : करोड़ों का बजट जारी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में 386 उप स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे जिसमें हेल्थ एंड वेलनेस कक्ष भी होगा। इसके लिए शासन की ओर से एक अरब 17 करोड़ 42 लाख रुपया जारी कर दिया गया है। शासन ने महानिदेशक परिवार कल्याण को जल्द से जल्द कार्य शुरू कराने का निर्देश भी दिया है। प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष में 1008 उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने हैं। इसके लिए सभी जिलों से निशुल्क जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। अब तक 14 मंडल के 26 जिलों में 386 उप स्वास्थ्य केंद्रों के लिए जमीन मिली है। इन जिलों में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए बजट जारी कर दिया गया है। हर केंद्र के लिए 30 लाख 42 हजार रुपया स्वीकृत किया गया है। उपकेंद्र में दिव्यांगों के लिए रैंप और बाथरूम भी बनाया जाएगा। भवन निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के बाद शासन की ओर से सचिव ने परिवार कल्याण महानिदेशक को निर्देश दिया है कि भवन बनाते समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की भी व्यवस्था की जाए। कहां–कहां बनेंगे कितने उपस्वास्थ्य केंद्र अयोध्या में 52, गोरखपुर में 50, आगरा में 19, मथुरा में



25, फिरोजाबाद में चार, हाथरस में 33, मेरठ में छह, गाजियाबाद में आठ, सहारनपुर में चार, शामली में तीन, मुरादाबाद में 22, कानपुर में आठ, कानपुर देहात में सात, बस्ती में 18, संतकबीरनगर में नौ, हरदोई में चार, सीतापुर में 10, उन्नाव में 12, पडरौना में 16, अंबेडकरनगर में 10, सुल्तानपुर में 17, वाराणसी में चार, जौनपुर में पांच, प्रतापगढ़ में 15, आजमगढ़ में पांच और देवीपाटन में 20 उपस्वास्थ्य केंद्र बनेंगे।

## अवैध स्टैंड चलाने व धमकी देकर वसूली करने वाला फरार मुकुंद सिंह गिरफ्तार : तिहरे हत्याकांड का आरोपी है मुकुंद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्रावास के पास बसों से जबरिया वसूली करने और प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी मुकुंद सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया उसे कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह पकड़ा है मोहद्दीपुर में रहने वाला मुकुंद जैतपुर में हुए तिहरे हत्याकांड का आरोपी भी है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। दरसल विश्वविद्यालय छात्रावास के पास अवैध स्टैंड बनाकर जबरिया वसूली किए जाने की शिकायत लंबे समय से अधिकारियों को मिल रही थी इसको लेकर दो गुट में विवाद भी चलता है 18 सितंबर को एडीजी जोन अखिल कुमार के कार्यालय में पहुंचे प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए आडियो रिकार्डिंग सुनाया दूसरी तरफ से बात करने वाला अपना नाम बाल मुकुंद सिंह बताते हुए संजय को जान से मारने की धमकी दे रहा था। संजय ने एडीजी को बताया था कि अवैध स्टैंड के नाम पर मुकुंद सिंह और उसके साथी बस मालिकों से जबरिया वसूली करते हैं.पार्किंग की आड़ में अवैध स्टैंड चल रहा है स्टैंड शुल्क के नाम पर जबरन 350–400 रुपये लेते हैं.रसीद मांगने पर प्रताडिघ्त करते हैं एडीजी के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने संजय व दो अन्य लोगों के प्रार्थना पत्र पर मुकुंद उसके साथी प्रदीप सिंह, शिव मिश्रा समेत चार के खिलाफ जबरिया वसूली और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने प्रदीप व शिव



मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. मुकुंद की तलाश चल रही थी. इसी मामले में 19 सितंबर को कुशीनगर जिले के रहने वाले बस मालिक आशुतोष शुक्ल ने चरन सिंह, बबलू और मुन्ना राय के खिलाफ जबरिया वसूली का मुकदमा दर्ज कराया था चरन और बबलू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन अभी मुन्ना फरार है. प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि मुकुंद सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही मुकुंद सिंह फरार हो गया. अधिकारियों के निर्देश पर कैंट थाना पुलिस ने उसकी घेराबंदी तेज कर दी जबरिया वसूली और रंगदारी मांगने के मुकदमे में न्यायालय से उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था.जिसके बाद पुलिस ने कुर्की कराने की तैयारी शुरू कर दी थी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सेवायोजन कार्यालय में कल होगा रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि.: जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 'मिशन रोजगार' के द्वारा 15 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया है, जिसमें युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए निजी क्षेत्र की 04 से अधिक कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी जिनके द्वारा 150 से अधिक पदों पर भर्ती की जायेंगी। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल,इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ्र सहित प्रतिभाग कर सकते है।

## नाका गुरुद्वारा में हुआ सेवादारों का सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी द्वारा आयोजित ५१ वे वार्षिक समागम को सफल बनाने में जिन निष्काम सेवा सोसायटियों तथा सेवकों ने योगदान दिया उन्हें शुक्रवार को



गुरुद्वारा नाका हिंडोला स्थित कार्यालय में सरोपा देकर सम्मानित किया गया। सिख सेवा जत्था, सिख यंगमैन एसोसिएशन, अमृत सेवक जत्था, दशमेश सेवा सेवा सोसायटी, यूथ खालसा एसोसिएशन, नरूला परिवार, खालसा साइकिल, पोपली लाइव १३१३, अमृतपाल सिंह और रंजीत खालसा आदि ने अभूतपूर्व सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सोसायटी के मुख्य सेवादार हरमिंदर सिंह मिंदी ने गुरु ग्रंथ साहिब की हुजूरी में संगत की खुशियां प्राप्त की। प्रभू कृपा से जहां दरबार साहिब से आए हुजूरी रागी भाई दविंदर सिंह जी ने अपनी रसना से अमृतमयी गुरुवाणी गायन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वही अलवर वाले डॉ हरबन सिंह ने अपनी ओजसवी वाणी से हमारे मन में छाए अंधकार को दूर कर गुरुवाणी का अर्थ समझते हुए प्रकाशमान किया। उपरोक्त जानकारी संस्था के चेयरमैन कृपाल सिंह ऐबट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## एन0एफ0 एस0ए0 योजना के तहत कल से होगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का वितरण

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वितरण माह–अक्टूबर, 2022 में होने वाले प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत माह–अगस्त, 2022 के सापेक्ष आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण हेतु 14 अक्टूबर 2022 से 20 अक्टूबर 2022 तक की तिथि निर्धारित की गयी थी, परन्तु प्रदेश के कई जनपदों में आई बाढ़ के कारण कतिपय लाभार्थी अगस्त, 2022 में एन0एफ0 एस0ए0 योजना का खाद्यान्न पाने से वंचित रह गये है। उक्त के क्रम में आयुक्त, खाद्य तथा रसद के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का वितरण चक्र, जो 14 अक्टूबर 2022 से प्रारम्भ होना था, को स्थगित करते हुए माह–अगस्त, 2022 में एन0एफ0एस0ए0 योजना के अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों को 15 अक्टूबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। एन0आई0सी0, उत्तर प्रदेश एवं सिस्टम इण्टीग्रेटर द्वारा तकनीकी कारणों से 15 अक्टूबर 2022 को मध्याह्न 12:00 बजे से ई–पॉस मशीनों को वितरण हेतु क्रियाशील किया जा सकेगा। उक्त वितरण के पश्चात् अगस्त 2022 हेतु प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण की तिथि शासन के निर्देशानुसार अग्रिम निर्धारित तिथियों में की जायेगी। तत्क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए माह–अगस्त 2022 में एन0एफ0एस0ए0 योजना के अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों को 15 अक्टूबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 के मध्य नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से) के अनुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं हैं, खुद को समझ लीजिए, सब समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अमन की राह के रोड़े

जब अटल बिहारी वाजपेयी बस यात्रा कर लाहौर पहुंचे थे, जो द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सुधारने का एक शानदार तरीका था। लेकिन जल्द ही जनरल परवेज मुशर्रफ ने कारगिल की पहाड़ियों में सैन्य ऑपरेशन चलाने का दुस्साहसिक फैसला किया, जिसके कारण दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया।

दोनों ओर से रोजाना की जाने वाली बयानबाजी के बावजूद भारत और पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तकरीबन तीन वर्षों से तनाव को नियंत्रित रखा है। 26 फरवरी, 2021 को दोनों ओर की सेना ने पुराने संघर्ष विराम समझौते का नवीनीकरण किया था, जिससे दोनों ओर कश्मीरियों (जम्मू और कश्मीर तथा पाक अधिकृत कश्मीर) की जिंदगियों और संपत्ति को बचाने में मदद मिली है।

इन तीन वर्षों के दौरान नई दिल्ली में वही भाजपा की सरकार है, जबकि इस्लामाबाद में इमरान खान की तहरीक–ए–इंसाफ सरकार के बाद अब शाहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार आ चुकी है, लेकिन सौभाग्य से एलओसी पर शांति कायम है। कोई भी समझ सकता है कि पाकिस्तान का फॉरेन ऑफिस और भारत का विदेश मंत्रालय कश्मीर के मुद्दे पर एक दूसरे के खिलाफ बयान जारी करते रहते हैं और अपनी स्थिति दोहराते हैं, लेकिन मीडिया की चकाचौंध से दूर पिछले दरवाजे से कूटनीतिक पहलकदमी जारी है।

कई बार तो दोनों ओर के विदेश मंत्रालयों को भी विश्वास में नहीं लिया जाता, जैसा कि अतीत में भी हुआ है और इसने दोनों ओर के राजनयिकों को निराश भी किया है। अभी न तो इस्लामाबाद में और न ही दिल्ली में पूर्णकालिक उच्च आयुक्त हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारियां उप उच्चायुक्त निभा रहे हैं। लोगों की चकाचौंध से दूर दोनों देशों के बीच कई दिलचस्प चीजें होती हैं और यहां मैं आपको एक वाकये के बारे में बता रही हूं, जिसके बारे में कई साल पहले मैंने अपने अखबार द न्यूज इंटरनेशनल के लिए लिखा था।

इन दिनों मैं एक पूर्व भारतीय राजनयिक की किताब पढ़ रही हूं, जिनकी मैं बहुत प्रशंसा करती हूं। यह हैं, टीसीए राघवन और भारत–पाक संबंधों पर उनकी किताब है, पीपुल नेक्स्ट डोर। राघवन पाकिस्तान में लोकप्रिय उच्चायुक्त थे और उनकी पूर्व पत्रकार पत्नी रंजना तथा वह शहर की सर्वाधिक लोकप्रिय राजनयिक दंपती थे। उनकी डिनर पार्टियों में भारत के विभिन्न हिसों के लजीज व्यंजन होते थे और वहां दिलचस्प मेहमान आते थे।

जब दोनों देशों के रिश्ते सामान्य थे, तब गणमान्य भारतीय मेहमानों की यह भारतीय दंपती हमेशा मेजबानी करते थे और यह गणमान्य मेहमानों से मुलाकात का अनौपचारिक मौका भी होता था। यह विभाजन के बाद से दोनों देशों के संबंधों के बारे में एक बहुत अच्छी तरह से लिखी गई किताब है, लेकिन मैं उच्चायुक्त के रूप में टीसीए राघवन के व्यक्तिगत अनुभव पर आधारित अध्यायों की प्रतीक्षा में थी। किन्हीं वजहों से उनके व्यक्तिगत अनुभव से जुड़े ब्योरों को किताब में जगह नहीं मिली है।

यह याद करना दिलचस्प होगा कि जब 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने काबुल की यात्रा के दौरान अचानक लाहौर जाने का फैसला किया और तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात की और लाहौर के नजदीक रायविंड में उनके पुश्तैनी घर में हो रही उनकी पोती की शादी की बधाई दी। मैं याद नहीं कर पा रही हूं कि क्या इतनी महत्वपूर्ण अनौपचारिक यात्रा की पूर्व जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय को थी या नहीं।

राघवन और उच्चायोग की टीम को सारी दुनिया की तरह मोदी के ट्वीट से ही इसकी जानकारी मिली, जिसमें उन्होंने लिखा, 'आज दोपहर लाहौर में पीएम नवाज शरीफ से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जहां मैं अफगानिस्तान से नई दिल्ली लौटते हुए जाऊंगा।' यह रविवार का दिन था और भारतीय उच्चायोग ने पहला काम यह किया कि उसने अपनी सारी गाड़ियों की ईंधन टंकियों को फुल करवाया, क्योंकि इस्लामाबाद से लाहौर का सफर पांच घंटे का है।

राघवन और उनकी टीम ने तेज गति से अपना सफर शुरू किया, लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि वे लोग समय पर लाहौर हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच सकते, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन करने रायविंड जाने का फैसला किया, जहां वह आने वाले थे। मैं याद कर सकती हूं कि रायविंड में खानसामों को निर्देश दिए गए थे कि वे मोदी और उनके साथ आ रहे प्रतिनिधियों के लिए शाकाहारी भोजन तैयार करें।

अब पीछे मुड़कर देखें, तो यह एक सपने जैसा प्रतीत होता है कि द्विपक्षीय संबंध इतने सहज थे कि एक भारतीय प्रधानमंत्री बिना किसी तैयारी के आ सकते थे। वास्तव में लाहौर हवाई अड्डे पर मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर देने के लिए सैनिकों की एक टुकड़ी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित व्यवस्था की गई थी। रविवार को छुट्टी थी, फिर भी व्यवस्था की गई थी। उपमहाद्वीप में हमारी किस्मत बहुत खराब है। मोदी के दौरे के तुरंत बाद कट्टरपंथी हरकत में आ गए।

मोदी की यात्रा के एक हफ्ते बाद एक जिहादी गुट ने पठानकोट एयरबेस पर हमला किया और मुझे याद है कि नवाज शरीफ के वरिष्ठ मंत्री सरताज अजीज ने पुष्टि की थी कि जिहादियों के पास से मिले फोन के नंबर लाहौर के थे। इसने मुझे वर्ष 1999 की शांति यात्रा की याद दिला दी, जब अटल बिहारी वाजपेयी बस यात्रा कर लाहौर पहुंचे थे, जो द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सुधारने का एक शानदार तरीका था। लेकिन जल्द ही जनरल परवेज मुशर्रफ ने कारगिल की पहाड़ियों में सैन्य ऑपरेशन चलाने का दुस्साहसिक फैसला किया, जिसके कारण दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया।

पाकिस्तान में मलाला

बुधवार को कई बरसों बाद नोबेल विजेता और स्वात की बेटी मलाला यूसुफजई पाकिस्तान के इतिहास की सबसे भीषण बाढ़ से पीड़ित लोगों का हाल जानने के लिए पाकिस्तान पहुंची हैं, ताकि दुनिया का ध्यान इस ओर जाए। हर किसी को पता है कि तालिबान ने युवा मलाला को गोलियों से निशाना बनाया था, क्योंकि वह लड़कियों की शिक्षा की वकालत कर रही थी।

यह विडंबना ही है कि मलाला ऐसे समय पाकिस्तान आई हैं, जब उनका गृहनगर स्वात एक बार फिर कट्टरपंथियों के निशाने पर है। अज्ञात बंदूकधारियों ने एक स्कूल वैन पर गोलियां चलाईं, जिसमें चालक की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए, इसके एक दिन बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को स्वात की सड़कों पर उतरकर उग्रवादियों से सुरक्षा की मांग की। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब वहां के बाशिंदों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी को लेकर सरकार को चेताया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शासन स्तर पर कटान की समस्या से स्थायी समाधान हेतु बात रखेंगे–माधवेन्द्र प्रताप सिंह

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : जिलाधिकारी एमपी सिंह ने माननीय विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' के साथ तहसील शाहाबाद के कटान से प्रभावित गांव कहारकोला का गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति के संबंध में ग्रामवासियों से संवाद किया तथा अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग को ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर कटान से प्रभावित क्षेत्र के किनारे– किनारे बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए ताकि कोई भी ग्रामवासी प्रभावित क्षेत्र में न जाये। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि स्थायी रूप से कटान रोकने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करें साथ ही उन्होंने पाली के प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल को गाँव में पुलिस की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। माननीय विधायक व जिलाधिकारी ने ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में कटान से प्रभावित दस परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित की तथा ग्रामीणों को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन कटान से प्रभावित परिवारों के साथ है तथा विधायक ने कहा कि वे शासन स्तर पर कटान की समस्या से



स्थायी समाधान हेतु बात रखेंगे। पाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर सुजीत कुमार स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कहारकोला पहुँचे और उन्होंने गांव पहुँचकर बाढ़ पीड़ितों को तथा अन्य जरूरत मंद ग्रामीणों को दवा वितरित की। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता शारदा नहर अखिलेश गौतम ,तहसीलदार नरेन्द्र कुमार यादव,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक सुनील दत्त कौल, एसएसआई संजय राय, लेखपाल नीरज कुमार,मनीष कुमार सिंह,आदि उपस्थित रहे।

## रेल यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न जोनों में सवारी एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ी संचालन अधिक से अधिक किया जाए – पंकज श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से राष्ट्रीय रेलवे एवं जोनल रेलवे के परामर्श दात्री सदस्यों ने रेल भवन दिल्ली में मिलकर रेल यात्रियों की समस्याओं के परिपेक्ष में तथा भारतीय रेलवे के विकास के संबंध में अवगत कराया पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा दिन प्रतिदिन सभी सुविधाओं से परिपूर्ण रेलगाड़ियां विभिन्न क्षेत्रों में चलाई जा रही हैं और कई रेलवे जोन में रेलगाड़ियों का विस्तार एवं कई स्थानों पर रेलवे लाइन बिछाया जा रहा है तथा विभिन्न रेलवे स्टेशनों का सुंदरीकरण भी किए जा रहे हैं भारत सरकार के रेल मंत्री एवं रेल राज्य मंत्री अध्यक्ष रेलवे बोर्ड बधाई के पात्र हैं राष्ट्रीय सहसंयोजक एवं जेड आर यू सी सी मेंबर पंकज कुमार श्रीवास्तव के अनुसार एन आर यू सी सी मेंबर एस.के गौतम, अजय कुमार दुबे, नितेश लाल, राणा प्रताप सिंह, गंगाधर राव आदि ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड



विनय त्रिपाठी के द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य के प्रति आभार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्यों द्वारा जनहित में दिए गए सुझाव पर समय–समय पर निराकरण करते हुए रेल यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न जोनों में सवारी एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ी संचालन अधिक से अधिक किया जाए।

## बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ शिक्षण में नवीन तकनीकों का समावेश किया जाएः– आयुक्त

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत बैठक में आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0, जी0एस0 प्रियदर्शी ने ग्राम्य विकास के क्षेत्र में एच0सी0एल0 फाउन्डेशन प्रा0लि0 की टीम द्वारा जनपद के कछौना सहित 11 ब्लाकों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि, सोलर पावर, कुपोषण आदि के सम्बन्ध में करये गये सुविधागत बदलावों की समीक्षा की। बैठक में एचसीएल नोडल योगेश ने सामुदाय परियोजना के अंतर्गत जनपद में किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एचसीएल 6 विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान कर रहा है। बैठक में आयुक्त ने संस्था द्वारा किये जा रहे नवीनीकरण एवं अन्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों का नवीनीकरण किया जाए तथा उप केन्द्रों पर सोलर प्लांट लगाए जाएं एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधागत ढांचे के सुधार पर जोर देने के साथ सोलर पैनलों का नियमित रखरखाव किया जाए और बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शासन के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाएं हो तथा स्कूलों में सुविधाओं में सुधार करते हुए बेहतर शिक्षा दी जाए व शिक्षण में नवीन तकनीकों का समावेश किया जाए। उन्होंने इस दिशा में




एचसीएल के प्रयासों की सराहना की। कृषि को लाभकारी बनाने के लिए कृषकों को बेहतर तकनीकों से परिचित कराया जाए। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि आयुक्त महोदय के निर्देशों का जनपद में अमल कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, जिला विकास अधिकारी एपी सिंह, सीएमओ राजेश तिवारी, जिला सूचना अधिकारी व एचसीएल प्रतिनिधि कीर्ति कर्मचन्दानी, संतोष कुमार द्विवेदी, उमाकान्त पाण्डेय, जय शंकर तथा अंकुर सरदाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी, सीडी, डीडीओ ने आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## शाहाबाद नगर पालिका में खिलेगा कमल :– रामचंद्र प्रधान

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना)जैसे–जैसे नगर पालिका चुनाव की तारीख पास आती जा रही है भाजपा अपने कील कांटे दुरुस्त करने में लग गयी है शाहाबाद निरीक्षण भवन में निकाय चुनाव की निकाय स्तरीय बैठक में भाजपा से नगर पालिका शाहाबाद के निकाय चुनाव प्रभारी विधान परिषद के सदस्य रामचन्द्र प्रधान ने नगर में निकाय चुनाव के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि इस बार हम सबको लगकर शाहाबाद नगर पालिका में भाजपा के प्रत्याशी को विजयी बनाना है। शाहाबाद नगर पालिका में कमल खिलाना है। भाजपा जिला महामंत्री व निकाय चुनाव के जिला संयोजक अजीत सिंह बब्बन ने भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की बात कहीं। भाजपा जिला महामंत्री और शाहाबाद निकाय चुनाव के संयोजक सत्येन्द्र राजपूत ने कहा कि हमने वार्ड स्तर पर संयोजकों का गठन किया है जल्द ही हम बूथ स्तर बैठकें करेगें हमारे कार्यकर्ताओं के जोश से ऐसा लगता है कि हम चुनाव जीत चुके है बस मतदान बाकी है। बैठक में शाहाबाद निकाय चुनाव के प्रभारी



एम एल सी रामचंन्द्र प्रधान भाजपा निकाय चुनाव के जिला जिला महामंत्री जिला व भाजपा संयोजक अजीत सिंह बब्बर जिला महामंत्री व शाहाबाद निकाय चुनाव के संयोजक सत्येन्द्र राजपूत भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उमेश अग्रवाल नगर प्रभारी सुभाष पांडेय निकाय मतदाता सूची प्रमुख अमित मिश्रा निकाय बूथ प्रबन्धन प्रमुख महेन्द्र बाल्मीकि नगर महामंत्री अंकित मिश्र सुभाष सिंह उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मन्नालाल पांडेय वैद्य की मनायी गई 56वीं पुण्यतिथि

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्वाधीनता समर के महान योद्धा पंडित मन्नालाल वैद्य की 56 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और संकल्प लिया गया कि वीर क्रांतिकारियों और सेनानियों के अधूरे सपनों को भावी पीढ़ियां पूर्ण करेंगी। इस मौके पर पंडित मन्नालाल वैद्य स्मारक सेवा संस्थान के सभी पदाधिकारी व वैद्य जी के परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मन्नालाल वैद्य स्मारक संस्थान के तत्वाधान में सीतापुर रोड पर ओवरब्रिज के नीचे स्थित अरुणा पार्क में स्थापित वैद्य जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस मौके पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ''मधुर'' ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का राष्ट्र के लिए जो बलिदान एवं संघर्ष रहा है वह प्रेरणादायक है। हम सबको इसका अनुसरण करना चाहिए कि राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए ऐसा ही जज्बा अपने अंदर बनाए रखें। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने संग्राम सेनानी वैद्य जी को स्मरण करते हुए उनके संस्मरण सुनाए और कहा कि वह देश की आजादी के लिए जेल गए और अंग्रेजों की यातनाएं सहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिन सिंह एडवोकेट ने किया। पत्रकार



विजय पांडे भी उनके अनुज संजय पाण्डेय ने कहा कि स्मारक संस्थान के संयोजक ब्रह्मलोकवासी उनके पिता स्व. रजनीकांत पाण्डेय के सिद्धांतों का अनुकरण कर रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र पाण्डेय बंधु ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गंगा प्रसाद पाण्डेय, राजेश्वर प्रसाद पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, भरत पाण्डेय व अक्षय पाण्डेय आदि परिजनों ने वैद्य जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा एस पी सिंह, पुतान पाठक, रीतेश मिश्र, पिंकू मिश्र, नीरज मिश्र, योग शिक्षक हरिवंश सिंह, अनुपम दीक्षित, अनिल तिवारी, बालाजी गुप्ता, हरि ओम त्रिपाठी, पी0के0 दीक्षित, महिला कांग्रेसी नेता सुनीता मित्रा के अलावा वैद्य जी के परिजन पत्रकार गण भी संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## फाउंडेशन बनाएगा बेटियों को बहादुर और स्वावलंबी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने नगर के वैट गंज स्थित बाबू छेदा लाल गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम को बेटियों के स्वावलंबी बनाने तथा उनके अंदर हिम्मत आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की भावना को उजागर करने के लिए समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह जानकारी देते हुए बहादुर बेटियां फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष श्रिया गुप्ता ने बताया बेटियों को उचित मार्गदर्शन एवं स्वावलंबी बनाने हेतु वर्ष 2019 में बहादुर बेटियां फाउंडेशन की स्थापना की गई प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य बेटियों के शैक्षिक विकास हेतु विद्यालयों की स्थापना व संचालन करना, बालिकाओं को शिक्षा ,सिलाई ,कढ़ाई, बुनाई, शिल्प कला, संगीत, गायन, नृत्य, ब्यूटीशियन, मेहंदी कोर्स, फैशन, डिजाइनिंग, फूड मेकिंग, वॉल पेंटिंग, खादी एवं हस्तशिल्प कला आदि का निर्माण करने का निशुल्क प्रशिक्षण दिलवा कर उनके अंदर स्वावलंबन की भावना को जागृत करने का है फाउंडेशन की संरक्षक डॉ चित्रा मिश्रा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को जागरूक करना एवं अन्याय के विरुद्ध उनके अंदर हिम्मत आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान की भावना को उजागर करना ही हमारे फाउंडेशन का उद्देश्य है जिससे कि बेटियां अपने को निर्बल ना समझें और शोषण के विरुद्ध आवाज को बुलंद कर सकें। फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम लता गुप्ता रेशमा ने बताया कि सामाजिक कुप्रथा जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह ,घरेलू हिंसा एवं विधवा पुनर्विवाह के प्रति जागरूकता पैदा करना साथ ही साथ निर्धन परिवारों की कन्या के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग करना ही फाउंडेशन



का लक्ष्य है इसके अलावा विवाह के अवसर पर होने वाली फिजूलखर्ची को रोककर सादगी पूर्ण विवाहों को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के लिए फाउंडेशन समय–समय पर कार्य करता रहता है कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार यादव ने बताया की 16 अक्टूबर को बहादुर बेटियां फाउंडेशन की ओर से सशक्त बेटियां सशक्त समाज की विचारधारा रखते हुए एक कार्यक्रम तेजस्विनी (उड़ान हौसलों की) का आयोजन रसखान प्रेक्षा ग्रह में किया गया है जिस के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल जी तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमवती पीके वर्मा पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर होंगे कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर राजेंद्र मिश्र जी करेंगे। इस अवसर पर पत्रकारों का सम्मान भी फाउंडेशन की ओर से किया गया इस मौके पर पत्रकारों की ओर से शिव प्रकाश त्रिवेदी, आलोक सिंह, अखिलेश सिंह और पीके गुप्ता ने संबोधित किया।

## सुजानगंज में प्राइवेट पार्ट पर हमला करके युवक को उतारा मौत के घाट

(ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय) जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के सर्वेमऊ गांव में मामूली विवाद में एक महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर पड़ोसी युवक के प्राइवेट पार्ट पर हमला करके मौत के घाट उतारा दिया। अलसुबह हुई इस वारदात से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, परिवार वालो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव के निवासी के निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला आज सुबह नाली की सफाई कर रहे थे तभी विवाद को लेकर पड़ोस की एक महिला ने अपने पुत्र के साथ उसके ऊपर हमला बोल दी। आरोप है कि सत्यप्रकाश के प्राइवेट पार्ट पर भी हमला किया गया , बेहोसी हालत में उन्हें सुजानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसपी देहात शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपियों को खोज रही है।

## मौत को दावत दे रहें धुरियापार रोड पर बने गड्ढे : किसी बडी घटना के इन्तजार में शासन प्रशासन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उरूवा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत धुरियापार की मुख्य सड़क की हालत बहुत ही खराब हो गई है। जिसकी वजह से राहगीरों और वहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढे हो जाने की वजह से सड़क पर वाहन से चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और बरसात के समय में गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गढ्ढे दिखाई नहीं देते और वो दुर्घटना के शिकार हो रहें है। धुरियापार रोड के आसपास लोगों का कहना है की रोज कोई न कोई इन गड्ढों गिर कर घायल होते रहते है। नगर पंचायत होने वाले उरूवा बाजार की सबसे बड़ी समस्या सड़क और जल निकासी की समस्या ही जिस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। जिले के सभी बड़े अधिकारी इस रास्ते से गुज चुके हैं प्रशासन कि गाड़ियां दौड़ती रहती है मगर उन सभी को ये गढ्ढे



नजर ही नहीं आते। उरूवा धुरियापार के सभी निवासियों ने शासन प्रशासन से इस सड़क को ठीक करने की अपील की है। इस सन्दर्भ में एस डी एम गोला से बात करनी चाही लेकिन फोन नहीं लगा।

## गोपीपुर की रामलीला में अंगद रावण संवाद देख दर्शक हुए रोमांचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिरकोनी ब्लाक अन्तर्गत गोपीपुर गांव में 175 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बुढ़वा बाबा रामलीला समिति के तत्वाधान में गुरुवार की रात चल रही रामलीला में लंका दहन, अंगद–रावण संवाद, विभीषण शरणागति का भावपूर्ण लीला का मंचन हुआ। इसके पूर्व गुरुवार की रात रामलीला का शुभारम्भ भाजपा नेता अरविंद सिंह , प्रबन्धक संतोष कुमार मिश्रा गुग्गू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और डॉ हर्ष विक्रम सिंह व शिवेंद्र सिंह ने श्री राम – सीता माता व लक्ष्मण की आरती उतारकर किया। इस दौरान रामलीला समिति के संरक्षक रविन्द्र बहादुर सिंह पप्पू, जय नाथ, प्रबंधक संतोष दादा,उप प्रबंधक अमित सिंह,डायरेक्टर मनोज सिंह पप्पू महाजन, उप डायरेक्टर सूर्यभान सिंह, प्रधान आरती अखिलेंद्र सिंह, शिव शंकर सिंह बचानू, युवा सपा नेता अतुल सिंह, ओमप्रकाश सिंह पप्पू, अवनीश चौबे, हीरा गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक सिंह,सत्य प्रकाश सिंह सत्तू ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।गुरुवार की रात रामलीला में अंगद–रावण संवाद के दृश्य में अंगद रावण से कहता है कि हे रावण! मैं राम का दूत बनकर आया हूं। राम का संदेश है कि आप सीता मैया को ससम्मान सहित वापस पहुंचा दीजिए। नहीं तो लंका का विनाश निश्चित है। इस पर रावण क्रोध में आकर कहता है कि जो तुम्हारे पिता बलि को मार दिया, उन्हीं की तरफ से गुणगान कर रहे हो। इसके बाद अंगद–रावण में काफी संवाद के बाद अंगद अपना पैर जमा कर कहता है कि अगर तुम्हारे दरबार में जो सबसे



ताकतवर हो, वह मेरा पैर उठाकर दिखाए तो आप जैसा कहेंगे, हम वैसा करेंगे। बारी–बारी सभी पैर उठाने लगे लेकिन किसी से भी पैर नहीं उठा। इसके बाद रावण उठता है और अंगद का पैर उठाने चलता है। जिस पर अंगद कहते हैं कि मेरे पैर छूने से क्या फायदा। अगर छूना है तो प्रभु श्रीराम के पैर को छुए जो आपको माफ कर सकते है। यह दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठते हैं और श्रीराम व अंगद का जयकारा लगाने लगते हैं जिससे पूरा पण्डाल गुंजायमान हो उठता है। रामलीला में हनुमान व सीता का संवाद देख लोग भावविभोर हो उठे। मंचन में अंगद की भूमिका मनीष सिंह,रावण सिंटू ,सीता नवरत्न सिंह तथा राम व लक्ष्मण की भूमिका क्रमशः अमन व शिवा ने निभाई। रामलीला का संचालन कामरेड जय प्रकाश सिंह व अमित सिंह जुगुनू ने किया। इस अवसर पर संरक्षक छोटेलाल सिंह मास्टर,हीरा गुप्ता, चेत नारायण, भोले सिंह,प्रधान संजय सिंह ,मिथिलेश सिंह, अनुज सिंह,भीम यादव, संजू गुप्ता,रमेश सिंह, रजनीश चौबे, शैलेश यादव, रिंकज सिंह संतोष सिंह एडवोकेट, विपिन पिन्टू सिंह, ,अभय राज, हरिकेश सिंह, अनिल सिंह, दीपक श्रीवास्तव पत्रकार शुभांशु जयसवाल, प्रभाकर सिंह, वन्देश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक दरिंदे को मिली 7 वर्ष की सजा : लगा जुर्माना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर उसका यौन उत्पीड़न करने वाले एक आरोपी को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ पाक्सो ऐक्ट (अनन्य) काशी प्रसाद सिंह यादव ने दोषी करार देते हुए 7 वर्ष की सजा सुनाई है तथा 10 हजार रुपये अर्थ दण्ड लगाया है। इस मामले में कुल सात चश्मदीदों ने गवाही दी है। सरपतहां थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 555/2014 के आरोपी रिंकू पुत्र बद्री हरि निवासी सुइथाकला मामले की सुनवाई करते हुए गुरुवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ पाक्सो एक्ट (अनन्य) काशी प्रसाद सिंह यादव ने दोषसिद्ध अभियुक्त रिंकू को विशेष सत्र परीक्षण अन्तर्गत धारा 363, 366 भा०द०सं० व धारा–4 पॉक्सो ऐक्ट, थाना–सरपतहाँ, के मामले में अलग अलग धाराओं के तहत दण्डित किया।धारा–363 भा०द०सं० के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध में तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा मु0– 3,000/– रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। धारा–366 भा०द०सं० के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध में पाँच वर्ष के कठोर कारावास तथा मु0–5,000/– रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे चार माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। धारा–4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम–2012 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध में सात वर्ष कठोर कारावास से तथा मु0–10,000/– (दस हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे छः माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।अभियुक्त की सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजन पाक्सो ऐक्ट रमेश पाल और वेदप्रकाश तिवारी ने किया।

# स्वच्छता हमारी नैसर्गिक जरूरत है – बीडियो

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वच्छता अभियान की पूर्व संध्या पर स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत शासन स्तर पर चयनित 5000 या उससे अधिक आबादी वाले चयनित गांवों क्रमशः ऊदपुर गेल्हवा, मुरादपुर कोटिला में फूल मालाओं से सुसज्जित डोर टू डोर कूड़ा उठान वाहन को खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने ब्लाक परिसर में शुक्रवार को हरी झंडी दिखा कर गाँव के लिए रवाना किया! इस दौरान उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलाए गये विशेष स्वच्छता अभियान के तहत डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए यह वाहन काम करेगा! उस गाँव के सफाईकर्मी का महत्वपूर्ण रोल होगा! स्वच्छता हम लोगों की नैसर्गिक आवश्यकता है। इसको मद्देनजर भारत सरकार व प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण केंद्र बनवाने का निर्णय लिया है। कूड़ा निस्तारण केंद्र प्रथम चक्र में 5000 अथवा 5000 से अधिक की आबादी वाली गांव पंचायतों में किया जा रहा है। गांव में घर– घर का कूड़ा ई–रिक्शा से लादकर कूड़ा निस्तारण केंद्र पर ले जाया जाएगा। इससे घर–घर जहां साफ सफाई की जाएगी वही गांव में सफाई के कारण लोग बीमारी से वंचित रहेंगे। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह, पंचायत सचिव दुर्गेश तिवारी, अनूप सिंह संतोष दुबे, आकाश सिंह, अरुण सिंह ग्राम प्रधान पारसनाथ रजक, ग्राम प्रधान सुनील पाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी का नही कर पाई खुलासा : दर्जनों चोरियों से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बरकरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 14 अक्टूबर गौराबाशाहपुर थाना के रसुलपुर ओझैनिया में 24/25 सितंबर की रात चोरो ने चार घरों का ताला तोड़ कर घरों को खंगाला है। रसुलपुर ओझैनिया गांव निवासी के बाकेलाल राय के घर में पीछे से घुस कर उनके मकान के छः कमरे का ताला तोड़ कर उनके घरों को खंगाल डाला क्योकि बाके के घर कोई सदस्य नहीं रहते है घर के सभी सदस्य बनारस रहते है सुबह गांव के सुचना पर बाकेलाल राय पहुंच कर घर का हाल देखा और उन्होने बताया कि लगभग डेढ़ लाख का सामान उठा ले गये है छोटेलाल राय के दरवाजे का ताला तोड़ कर तीन हजार नकद कुछ जेवरात ले गये देवेन्द्र दत्त शर्मा के घर के सदस्य मुम्बई रहते है गांव वालो ने फोन से बताया कि आप के घर चोरी हो गयी है फोन पर उन्होने बताया कि दस हजार नकद था उसको चोर उठा ले गये अनिल राय के छत पर चढ़ कर उनका ताला तोड़ा लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा जब कि अभी 21/22 सितंबरकी रात रामपुर बाजार में संदीप मोबाइल शाप एण्ड रिपेयरिंग सेन्टर और अवन्तीका क्लीनिक सेन्टर से तीस हजार नकद सहित तीन लाख का सामान उठा ले गये 29/30 सितंबर की रात सोसा पट्टी गांव से राम उजागिर उपाध्याय की 5 हॉर्स पावर की मोटर चोर उठा ले गए ।पुलिस के लिए चोर जगह जगह चोरी कर सवाल खड़ा कर दिए है पुलिस अभी कुछ नहीं कर पा रही है पुलिस कहती है जल्द वर्क आउट करेगे लेकिन पुलिस किसी भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है ।

## सपा कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव के गोलोकधाम वासी होने के उपरांत उनके चित्र पर किया गया पुष्प अर्पित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मुलायम सिंह यादव के गोलोकधाम वासी होने के उपरांत नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त करनेवाले का तांता लगा रहा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने बताया की मुलायम सिंह यादव का पार्टी कार्यालय पर 21अक्टूबर तक शोक संवेदना व्यक्त किया जायेगा 21 अक्टूबर को जिला पार्टी कार्यालय समेत गांव से लेकर जिले तक जगह जगह समाजवादी विचारधारा के लोगों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें नेताजी को याद कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा उनके बतायें हुए रास्ते पर चलकर समाजवाद के विचारधारा को नेताजी की छाया को अखिलेश यादव में महशूस करते हुए उनके नेतृत्व में आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा समाजवाद का संन्देश देश में लागू कराकर उनको सच्ची श्रधांजलि दी जायेगी शोक व्यक्त करनें वाले



मुख्य रूप से विधायक जगदीश नरायन राय,पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, यंशवता यादव,श्याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, हाजी सुल्तान, आशा राम,श्रवण जयसवाल,गप्पू मौर्या, शकील अहमद, निजामुद्दीन अंसारी,मेवा लाल गौतम,शाजिद अलीम,पप्पू मौर्या, चित्रलेखा सिंह, सोनी यादव विजय सिंह बागी, रामजतन यादव, अज्जू मौर्या, मंजूर असन रमेश साहनी,अरशद नजमी, रमाशंकर यादव, तौफीक ऋषि यादव, अनील यादव, सुभाष पाल,मुकेश यादव आदि।

## बयालसी इंटर कालेज में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा आज : तैयारी में जुटा विद्यालय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार की सेवाओं में समूह 'ग' की भर्तियों के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के आयोजन की तैयारियों जोरो से हो रही है। शिक्षकों के द्वारा डेस्क स्लिप सीटिंग प्लान आज ही तैयार कर स्टॉप से सभी रूम में लगवा दिया गया है गेट पर महिला और पुरुष को चेकिंग के कार्यदाई संस्था के द्वारा मेडल डिटेक्टर के साथ–साथ अलग टेंट लगाया गया है जिनकी चेकिंग सघन तलाशी गेट पर ही ली जाएगी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया की परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और अपराह्न 3 से 5 बजे तक होगी दर्पण 1 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा परीक्षार्थी को ब्लैकपेन, प्रवेशपत्र व आईडी लाना अनिवार्य होगा इसके अलावा किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स या अन्य सामग्री लेकर के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही करेंगे मोबाइल लाना पूर्णतया वर्जित रहेगा। चंद्रमणि यादव,विनय कुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, गप्पू राम कनौजिया समेत अन्य स्टॉप तैयारियों में लगे है।

# दीपावली के बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहे नकली मावे और मिठाइयां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी दीपावली का त्यौहार जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे बाजारों में बिकने वाली तमाम मिठाइयां खोवा पनीर व दूध से मिश्रित होकर बनने वाली तमाम अन्य चीजों में मिलावट धड़ल्ले से जारी है। जिसे लेकर शासन–प्रशासन द्वारा समय–समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। त्योहारों के नजदीक आते ही खाद्य विभाग भी दुकानों पर चेकिंग करने के मूड में दिख रहा है हालांकि अभी इस तरह का जिले में कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाया जा रहा है। वही दूसरी तरफ दुकानदारों स्कंधा कुमार और अनिल गुप्ता का साफ तौर पर कहना है कि वह बेहतर और अच्छी मिठाइयां और मावे बेच रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि लोगों को सामान खरीदने से पहले जांच परख का सामना खरीदना चाहिए ब्रांडेड सामान ही खरीदें साथ ही जो दुकानदार हमेशा से बेहतर सामान दे रहे हैं उनसे ही सामान खरीदें जिससे उन्हें सही शुद्ध सामान प्राप्त हो सके। वहीं इस मामले में शुक्रवार को जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने बताया कि समय–समय पर दुकानों



की चेकिंग की जा रही है जैसे जैसे दीपावली का त्यौहार नजदीक आ रहे हैं चेकिंग अभियान और तेज कर दिया गया है खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा सैंपल लिया जा रहा है उसे जांच के लिए भेजा जाता है यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो उसके खिलाफ 5 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा मोबाइल वैन भी चल रही है लोग अपने खाद्य सामान्य की सुरक्षा स्वयं जा सकते हैं साथ ही लोग जिन दुकानों के रेपुटेशन अच्छी हो जहां से बराबर सामान खरीद रहे हो वही से सामान खरीदें। एक तरफ जहां दुकानदारों द्वारा बेहतर और अच्छे किस्म की मिठाईयां और सामान बेचे जाने के दावे किए जा रहे हैं।तस्वीरों में साफ देख सकते हैं कि कितना मिलावटी सामान बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है। विभागीय कार्रवाई का इन पर कोई असर होता दिखाई नहीं पड़ रहा है।

# कर्मचारी संघ के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी नामित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ चुनाव कराने के लिए कुलसचिव ने चुनाव अधिकारी नामित कर दिया। जिसे लेकर चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई। नेताओं ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का चुनाव कार्यकाल विगत 2 वर्ष पूर्व समाप्त हो गया था। लेकिन चुनाव को लेकर कर्मचारियों अधिकारियों में तनातनी चल रही थी। और विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव कराने के लिए कर्मचारियों ने कई बार अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की और शासन तक शिकायत किया ।जिसके बाद कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य के निर्देश पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने चुनाव अधिकारी नामित कर दिया है। जिसमें चुनाव कराने के लिए इंजीनियरिंग संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रवि प्रकाश को चुनाव अधिकारी नामित किया है और उन्हें निर्देश दिया है कि शीघ्र चुनाव कराने का रूपरेखा तैयार कर चुनाव सम्पन्न करवाये। कुलसचिव ने प्रोफेसर रवि प्रकाश को पत्र जारी कर दिया जिससे कर्मचारियों में जानकारी होते ही उनमे खुशी का माहौल बन गया । उधर विभिन्न पदों पर दावेदारी करने वाले कर्मचारियों ने जगह–जगह बैनर पोस्टर लगाना शुरू कर दिया । नेताओ ने कर्मचारियों के रिझाने मे जुट गए। कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री डॉ स्वतंत्र कुमार ने बताया कि कर्मचारी समस्याएं काफी लंबित है और संगठन का कार्यकाल समाप्त होने के चलते निस्तारण नहीं हो पा रहा था। अब चुनाव के बाद सभी कर्मचारियों के समस्याओं का निस्तारण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज की छात्र ने पूरे मण्डल में किया नाम रोशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी में आयोजित माध्यमिक स्तर की मंडलीय विज्ञान प्रदर्शनी में मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज जौनपुर के कक्षा 11 के छात्र यशस्वी मौर्य ने बाजी मारी है , उसने पूरे मण्डल में प्रथम




स्थान हासिल करके अपने कॉलेज और जिले का नाम रोशन की है ।राजकीय क्वीस कॉलेज, वाराणसी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में यशस्वी मौर्य सीनियर संवर्ग में पर्यावरण सम्बन्धी चिंताओं उपविषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यशस्वी मौर्य की सफलता से कालेज के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने और पिंसपल मो0 नासिर खान और पूरा विद्यालय उसे बधाई दिया तथा अपना आशीर्वाद दिया कि इसी तरह आगे भी यह छात्र पढ़ाई लिखाई करके जिले और कॉलेज का नाम बुलन्द करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

# इब्राहीमपुर जाने से पहले कांग्रेसी हाउस अरेस्ट

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाने के चौकी व्लीपुर के इब्राहिमपुर की घटना को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल जाने की सूचना से जिला प्रशासन आया हरकत में, कांग्रेस के आधा दर्जन नेताओं को किया



हाउस अरेस्ट सबसे पहले कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा को सवा ११बजे पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण मिश्रा, प्रदेश महासचिव शकील अंसारी, प्रमोद मिश्र और जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह भी हाउस अरेस्ट, शुक्रवार को अल्पसंख्यक विभाग के निर्देश पर मौके की हकीकत जानने की तैयारी में था कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बल्दीराय के ब्लॉक अध्यक्ष इमरान अहमद मोनू के अरेस्ट होने की सूचना धनपतगंज के ब्लॉक अध्यक्ष अजेंद्र पांडे विभु व कुड़वार ब्लाक के अध्यक्ष नंदलाल मौर्या और जिलामंत्री मनोज तिवारी, इंतजार अहमद भी पुलिस की निगरानी में अभी को फोन कर पुलिस ने मौके पर नही जाने के लिए था चेताया।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त प्रमुख सचिव से भेंट कर उनका किया स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के डेहूणा गांव में ग्रामीणों ने गांव के प्राथमिक स्कूल के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली तार हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया।इस धरना प्रदर्शन में ग्रामीणों के साथ स्कूल के बच्चे व उनके अभिभावक भी शामिल हो गए। अभिभावकों का कहना है कि हमारे बच्चे मौत के साये में शिक्षा लेने को मजबूर हैं। विद्यालय के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहा है जो कि किसी भी समय बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकता है। ज्ञात हो कि बीती रात हाईटेंशन तार टूट गया और विद्यालय कैंपस में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया आग इतनी विकराल थी कि कैंपस में लगा बरगद का पेड़ झुलस गया। संयोग अच्छा था कि उस समय रात थी अगर दिन में ये घटना होती तो विद्यालय चल रहा होता और बड़ा हादसा हो सकता था। इसी भय से कुछ ग्रामीण अपने बच्चों को विद्यालय जाने से रोक रहे है । ग्रामीणों ने शीघ्र तार को विद्यालय परिसर से हटाए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान अनीता यादव ने बताया कि इसकी सूचना कई बार ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को दी गई परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रधानाध्यापक अमरनाथ यादव ने बताया कि अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजने से डर रहे हैं जिससे कि बच्चों की संख्या आजकल विद्यालय में कम हुई है। बदलापुर के खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कई बार शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से लेकर बिजली विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। बदलापुर क्षेत्र के अन्य 8 विद्यालयों पर हाईटेंशन तार होकर गुजर रहे हैं जो कि खतरे को निमंत्रण दे रहे हैं। इस सम्बंध में बिजली विभाग के एसडीओ रविंद्र पाल से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि अभी मुझे आये कुछ दिन ही हुए हैं। यहां से होकर कई गांव की बिजली गुजरती है। यहां से जल्द ही स्टीमेट बनाकर विद्यालय में से हाईटेंशन तार को अन्यत्र हटा दिया जाएगा परंतु थोड़ा समय लगेगा।

## आत्मविश्वास से असंभव काम भी संभव हो जाते हैं – प्रो.अरुण कुमार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 'आत्मविश्वास से असंभव काम भी संभव हो जाते हैं। जब किसी काम को हम दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर करते हैं,तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। जीवन में सफलता का रहस्य डर को भगाना है।इसीलिए कहा जाता है कि डर के आगे जीत है।' उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत राजा हरपाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिंगरामऊ के प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सफलता कोई बिंदु नहीं बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निरंतर चलती रहती है। सफलता और असफलता का मूल्यांकन जीवन पर्यंत होता है। सफलता से ज्यादा महत्वपूर्ण संतुलित जीवन है। सफलता के लिए ज्ञान की मात्र 15: जरूरत होती है, बाकी 85: तो हमारे कार्य के प्रति समर्पण पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि शरीर एक मंदिर है। जिस प्रकार से मंदिर को स्वच्छ रखते हैं,उसी प्रकार से हमें अपने शरीर के अंदर भी अच्छी–अच्छी बातें रखनी चाहिए। मन में अच्छी बात रखने से हम सदैव सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। यदि मन में खराब बात आती है,तो हमें नकारात्मक ऊर्जा मिलती है, जो हमें गर्त में ले जाती है। इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आलोक कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की विशेष व्याख्यान आयोजन समिति के माध्यम से आयोजित होने वाले व्याख्यान में विद्यार्थियों के मानस पटल पर वक्ता के व्यक्तित्व का प्रभाव पड़ना चाहिए। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह वक्ता के व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात करें। विद्यार्थियों को



अपनी जिज्ञासा वक्ता से अवश्य पूँछनी चाहिए। तिलकधारी महाविद्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को किसी क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तित्व का व्याख्यान कराने की श्रृंखला चल रही है। उसी श्रृंखला के तहत आज प्रो.अरुण कुमार सिंह का विद्यार्थियों के लिए प्रेरक उद्बोधन हुआ। व्याख्यान आयोजन समिति के डॉ.विशाल सिंह एवं डॉ.अवनीश कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रो.शशि सिंह, प्रो.सुषमा सिंह, डॉ.आशा सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रो.राजदेव दुबे, डॉ.हरिओम त्रिपाठी, एडवोकेट प्रतीक मिश्र सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## बदलापुर में अब तक कुल मिले 451 डेंगू के मरीजों में 300 हुए ठीक

(ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय) जौनपुर। बदलापुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ. संजय दुबे ने बताया कि 17 अगस्त से अब तक कुल 3035 लोगों की जांच की गई। जिसमें 451 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। इलाज के बाद करीब 300 से अधिक मरीज ठीक भी हो चुके हैं। शेष का उपचार विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने बताया कि सीएचसी में डेंगू वार्ड भी उपचार के लिए बनाया गया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह की निगरानी में नियमित रूप से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। मंडलीय स्वास्थ्य टीम भी तहसील क्षेत्र के सर्वे दो बार कर चुकी है। क्षेत्र में 17 अगस्त से डेंगू का संक्रमण शुरू हुआ था। उसके बाद से ही फलों के दाम बढ़ने लगे। फल व्यापारी अंकुर निगम ने बताया कि डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण बाजार में कीवी, नारियल, अनार, पपीता जैसे फलों की मांग बढ़ी है। इस वजह से कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। कीवी 35 रुपये पीस, नारियल पानी डाब 70 रुपये, पका पपीता 60 रुपये और कच्चा पपीता पचास रुपये किलो की दर से बिक रहा है। बकरी का दूध तो आसानी से मिल ही नहीं रहा है। उसकी कीमत 100 से 150 रुपये लीटर तक है। सामान्य दिनों में बकरी का दूध 70 से 80 रुपये, कच्चा पपीता 25 से 30 रुपये, कीवी 25 से 30 रुपये, नारियल पानी (डाभ) 40 से 50 रुपये मिलता था।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 67 बटालियन शिलांग में तैनात अशफाक अहमद के जन्मदिन पर डीजी से लेकर कमांडेंट ने दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) किसी ने सही कहा है कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके रंग रुप से न होकर उनके द्वारा किये गये कार्यों से होती है।वह व्यक्ति चाहे आपके करीब हो या चाहे आपसे काफी दूर हो।यह बातें इस समय शिलांग में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 67 बटालियन में तैनात अशफाक अहमद के ऊपर सटीक से बैठती है।मालूम हो कि अशफाक अहमद किसी पहचान के मोहताज नहीं है।इस समय जहां एक एक ओर उनकी होनहार बेटियां पढाई के साथ साथ बास्केटबॉल खेल में भी अपने पिता की तरह उनका नाम रोशन कर रही है। वही दूसरी ओर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 67 बटालियन में तैनात अशफाक अहमद भी बास्केटबॉल खेल में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।उनकी पहचान विभाग में इसी बात से लगाई जा सकती है कि बुधवार को उनके जन्मदिन पर खुद जहां एक ओर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक डाक्टर एस एल थाउसेन ने उन्हें बधाई संदेश देकर उनका हौसला बढ़ाया वही इसी कड़ी में इस बटालियन के कमांडेंट आलोक भट्टाचार्य ने भी उन्हें बधाई संदेश दिया। अपने बधाई संदेश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक डाक्टर एस एल थाउसेन व बटालियन कमांडेंट आलोक भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 67 बटालियन में तैनात अशफाक अहमद एक



निर्भीक,कर्तव्यनिष्ठ व व्यवहार कुशल कर्मी है।उनकी जितनी तारीफ की जाये वह बहुत कम है।अपने सन्देश में इन दोनों अधिकारियों ने उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुये कहा उनके व उनके परिजनों के सदा खुशहाल रहने की कामना किया। मालूम हो कि 67 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल शिलांग में तैनात अशफाक अहमद जब कोरोना काल में अयोध्या जिले में ड्यूटी पर तैनात थे तो उन्होंने अपने व्यवहार कुशल के चलते उन्होंने यहां के लोगों का दिल जीत लिया था।उनके जन्मदिन पर बटालियन में तैनात अजय कुमार, सौरभ गुप्ता सहित तैनात सभी अधिकारियों व कर्मियों ने बधाई संदेश दिया।

## नवागत थाना प्रभारी का स्वागत तथा पूर्व थाना प्रभारी की हुई विदाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में नवागत तारुन थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह का पुलिस कर्मियों के द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वही इसी कड़ी में पूर्व थाना प्रभारी उप निरीक्षक आशीष कुमार राय को पुलिस कर्मियों व क्षेत्रीय लोगों द्वारा भाव भीनी विदाई दी गई।बताते चले कि गुरुवार को थाना तारुन में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह जी ने कार्यभार ग्रहण किया।इस दौरान थाने में तैनात समस्त पुलिस कर्मियों ने नवागत थाना प्रभारी को फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।नवागत थाना प्रभारी का पत्रकारों जिसमें अनुराग शर्मा संपादक,संजीव पाठक,केदार तिवारी,पप्पू सोनी,पूर्व प्रधान तारुन पिंटू सिंह प्रबंधक राकेश वर्मा के साथ ही क्षेत्र के कई सम्मानित लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।वही इसी कड़ी में इस दौरान नवागत थाना प्रभारी ने क्षेत्र में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ कर्तव्य पालन,निष्पक्ष न्याय और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम के दौरान समस्त थाना स्टाफ के साथ ही क्षेत्रिय सम्मानित लोगों ने पूर्व



थाना प्रभारी उप निरीक्षक आशीष कुमार राय के द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों की प्रसंशा करते हुए फूल मालाएं पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भाव भीनी विदाई दी। इस मौके पर एस.आई. हरे कृष्णा, चौकी इंचार्ज रामपुर अभिनंदन पांडे, प्रसून सिंह, प्रदीप कुमार, शैलेश यादव, उमेश यादव, खुशबू यादव अन्य महिला स्टाप सहित समस्त स्टाफ व क्षेत्र के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गुप्तारघाट व निर्मली कुंड पर किया भ्रमण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या विधायक भ्रमण के दौरान वह बाढ़ पीड़ितो से मिले तथा उनकी दिक्कतों को गम्भीरता से सुना।इस मुलाकात के दौरान करीब एक हजार बाढ़ पीड़ितों को उन्होने राहत सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार हर जरुरमंत के साथ खड़ी है। कोरोना के काल में सरकार ने गरीबों व जरुरतमंदों की हर आवश्यकता को पूरा किया। यूपी के कोविड प्रबन्धन की तारीफ वैश्विक स्तर पर हो रही है। पिछले कुछ दिनों से हुई अप्रत्याशित बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वालों के साथ किसानों की फसल का भी नुकसान हुआ है। बाढ़ पीड़ितों की दिक्कतों को दूर करने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। सरकार हर गरीब के साथ खड़ी है। गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। बाढ़ व अत्याधिक बारिश की वजह से हुए नुकसान का सर्वे करने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद सभी पीड़ित परिवारों को अपेक्षित सहायता उपलब्ध करा दी जायेगी।भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार इन्द्रभूषण सिंह व संतोष निषाद, राम मिलन निषाद, हरभजन गौड़, अमल गुप्ता, गणेश गुप्ता, अमन निषाद, विमल दास जी महाराज, भगवान दीन निषाद सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## नगर निगम का सुपरवाइजर चौक में कर रहा अवैध वसूली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के दिल कहे जाने वाले चौक में छोटे–मोटे दुकानदार त्योहारों पर दुकाने लगाकर अपने घर की रोजी–रोटी चलाने कि जद्दोजहद मे लगे रहते है जिन्हे किसी के आगे हाथ फैलाने से अच्छा अपने मेहनत का खाना पसंद करते है। उन गरीबो से नगर निगम का विनय कुमार जो स्थानीय दुकानदार बताते हैं कि हैदरगंज वार्ड का सफाई नायक है तथा इसके साथ रेखा सिंह जो अपने आप को नगर निगम का सुपरवाइजर बताती हैं। चौक के दुकानदारों ने बताया कि अक्सर यह दोनों आकर दुकानदारों को डरा धमका कर अवैध वसूली करती हैं दुकानदार इन दोनों से इतना ज्यादा पीड़ित हो चुका है पैसा ना देने पर दुकान है हटवा दी जाती हैं जिससे दुकानदारों के सामने अपने परिवार को पालना दुश्वार हो गया है। क्या अयोध्या नगर निगम अपने सुपरवाइजर व सफाई नायकों को इतनी अथॉरिटी दे दी है कि जिस की दुकान चाहे हटवा सकते हैं या लगवा सकते हैं?

## मांगों के समर्थन में रेल कर्मचारियों ने की भूंख हड़ताल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन तथा नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के आह्वान पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन अयोध्या कैंट शाखा की ओर से बुधवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल आन्दोलन किया गया। स्टेशन अधीक्षक अयोध्या कैंट के कार्यालय के सामने आयोजित भूख हड़ताल की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अंजुम मुख्तार खान तथा संचालन शाखा सचिव हीरालाल ने किया । विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंडल उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी मौजूद रहे । शाखा अध्यक्ष अंजुम मुख्तार ने बताया कि सरकार की ओर से कर्मचारियों की लंबित मांगों को न मानने के कारण बुधवार को पूरे भारतीय रेलवे में यह कार्यक्रम रखा गया है । शाखा मंत्री हीरालाल ने बताया कि कर्मचारियों की कुछ लंबित मांगे जिसे पूरा करने के लिए संगठन लगातार मांग करता आ रहा है। सरकार हमारी मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। कर्मचारियों की मांगों को गिनाते हुए मण्डल उपाध्यक्ष्ज्ञ अश्वनी तिवारी ने कहा कि रेलों का निजी करण व निगमीकरण से बन्द किया जाना चाहिए। निम्न वेतनमान में नियुक्ति पाए उच्च शिक्षा प्राप्त नौजवान रेल कर्मियों को उच्च वेतनमान में पदोन्नति के अवसर दिए जाएं। कैडर रिस्ट्रक्चरिंग लागू किया जाए । सभी समपारों पर आठ घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू किया जाए । एक जनवरी 2004 तथा उसके बाद रेलवे में नियुक्त हुए रेल कर्मियों को पुरानी गारंटीड पेंशन बहाल कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जाए । रनिंग एवं अन्य संरक्षा कोटियों के कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाए । रेल कालोनियों ,गैंग हटों तथा रनिंग रूम व टीटी विश्रामालयों की खस्ताहाल स्थिति में सुधार किया जाए । सभी महिला कार्य स्थलों व विकलांग कर्मचारियों के लिए अलग शौचालय निर्माण कराए जाएं । अन्य लंबित मांगों को शीघ्र पूरा कराया जाए । भूंख हड़ताल में वी बी सिंह, एपी मौर्या , रमाकांत यादव ,सौरभ पांडेय , अमित यादव , के के सिंह , राम सागर , अमित यादव , श्रद्धा यादव , इंद्रावती , आशा , अम्बिका भारती, प्रभावती देवी , पंचदेव , जाहिर अली , कृष्णा रावत , अमित गौतम पवन वर्मा आलोक यादव , मदन लाल , राकेश सिंह, प्रशान्त पाण्डेय , राज कुमार गुप्ता , नीरज श्रीवास्तव, बी के चौबे , पी के मिश्र , एम एन मिश्र , संजीव कनौजिया, चुन्नू अली , कपिल देव , राम सुधार, प्रवीण पटेल तथा डेलीगेट , युवा कार्यकर्ता , सक्रिय कार्यकर्ता तथा महिला विंग व अन्य कर्मचारियों ने धरने में भाग लिया।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना इनायतनगर के ग्राम पंचायत कहुआ मजरे बरईन का पुरवा में एक युवक के तालाब में डूबने से मौत हो गई। इनायतनगर पुलिस के अनुसार बिंदु पांडेय (38) पुत्र राम अभिलाख पांडेय आज करवा चौथ के दिन ही दोपहर लगभग 3:45 बजे तालाब में डूब गया।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर तालाब में जाल डालकर स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बाहर निकाला।तत्पश्चात शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बिंदु पांडे के मौत होने की आधिकारिक पुष्टि किया।इनायतनगर पुलिस ने शव का पंचनामा करके शव विच्छेदन के लिए जिला मुख्यालय स्थित मर्चरी हाउस में भिजवा दिया है।

## मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल में आधार अपडेट के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के कार्यो को लेकर की वर्चुअल बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल में आधार अपडेट के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के कार्यो की मण्डल के सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलवासियों से अपील की है कि अगर आपका आधार बने हुये 10 साल या उससे के हो गये है तो अपने नजदीकी आधार केन्द्र पर जाकर आधार अपडेट या ऑनलाइन एस एस यूपी के माध्यम से अपडेट जरूर कराये। उन्होंने सभी जिला प्रशासन एवं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा सामूहिक रूप से मण्डल में चलाये जा रहे आधार अपडेट के लिए अभियान के लिए विशेष कैम्प संचालित किये जाने के निर्देश दिये ताकि निवासी आसानी से आधार अपडेट करा सकते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। उन्होंने कहा कि आधार की एक विशेषता है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखे। उन्होंने इस सन्दर्भ में मण्डलवासियों से अपील किया कि अगर आपका आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है तो अपना आधार अपडेट जरुर कराये। आधार अपडेट के लिए अपने पते (पी ओ ए ) एवं पहचान (पी ओ एल ) का वैध प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केंद्र आए और अपना आधार अपडेट कराये, इसके लिए निर्धारित शुल्क 50 रूपये है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस अपना आधार दो प्रकार से अपडेट करा सकते है, पहला ऑनलाइन https%//ssup.uidai.gov.in/ssup/ से अपने पते ( पी ओ ए ) एवं पहचान ( पी ओ एल ) का वैध प्रमाण अपलोड कर सकते है, जिसके लिए निर्धारित शुल्क 25 रूपये है दूसरा अपने नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर आप अपने आधार में अपडेट करा सकते है, जिसके लिए शुल्क 50 रूपये है। अपने नजदीकी आधार केंद्र का पता जानने के लिए https%//appointments.uidai.gov.in/bookappointment.asp पर लॉग इन कर सकते है तथा भुवन पोर्टल https%//bhuvan.nrsc.gov.in/aadhaar/ के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केंद्र की जानकारी प्राप्त कर सकते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या मंडल में आधार नामांकन और अपडेट करने हेतु लगभग 525 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं। इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 57 हजार नए आधार नामांकन और लगभग 1 लाख 44 हजार आधार अपडेट किए हैं। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के नवजात बच्चों के आधार इनरोलमेंट हेतु महिला एवं बाल विकास तथा सम्बंधित विभागों द्वारा विशेष अभियान चलाया जाय, जिससे सभी बच्चों का आधार बनाया जा सकें। बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार ने बताया कि आधार एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ आधार के माध्यम से लाभार्थी को सीधे प्राप्त होता है। जनपद में चलाये जा रहे आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान में सभी जनपदवासियों से अपील है कि जिन आधारकार्ड धारकों ने 10 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी आधार अपडेट नही कराया है वह अपने नजदीकी आधार केन्द्र अथवा आनलाइन माध्यम से आधार अपडेट कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद अयोध्या में आधार नामांकन और अपडेट करने हेतु लगभग 138 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं। इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 12 हजार नए आधार नामांकन और लगभग 37 हजार आधार अपडेट किए हैं। बैठक में उपस्थित भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के निदेशक ले0कर्नल प्रवीन कुमार सिंह ने आधार से सम्बंधित जानकारियों को सभी अधिकारियों से सांझा किया तथा अग्रिम कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में मण्डल के सभी जिलाधिकारी (वर्चुअल माध्यम से) तथा मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंत्योदय दिवस पर निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत अंत्योदय दिवस के अवसर पर सोहावल ब्लाक के रौनाही से सुरवारी, ड्योढ़ी तक बेटियों को सशक्त बनाने के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर ने सुकन्या समृद्धि मोटरसाइकिल रैली निकालकर जनता को जागरूक किया इस दौरान अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने सुकन्या समृद्धि मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वयं भी रैली में शामिल हो गए । सुकन्या समृद्धि योजना को जन जन तक पहुचाने के लिए सोहावल, ड्योढ़ी, रौनाही, बड़ागांव, के सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टरों के साथ सुरवारी गांव में शिविर आयोजित किया गया । शिविर में बतौर मुख्यातिथि मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि बेटियों के सशक्त होने से ही समाज की मर्यादा बढ़ेगी । ऐसे में सम्पन्न परिवार गरीब कन्याओं का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर उन्हें कन्या पूजन का दान दें । इससे उन्हें भविष्य का डॉक्टर, इंजीनियर प्रशासनिक अधिकारी सहित उच्च सेवा में जाने का अवसर देने के साथ साथ उनके शादी विवाह के समय आर्थिक मजबूती देगा यह तभी सम्भव होगा जब समाज की हर बेटी के नाम सुकन्या समृद्धि खाता होगा । साथ ही बताया कि सुकन्या समृद्धि से ही सशक्त बेटियों का ख्वाब देखा जा सकता है और तभी समाज भी सशक्त होगा । शिविर में मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह बताया कि मोटरसाइकिल रैली का मकसद जनता में सुकन्या समृद्धि के प्रति जागरूक करना है । साथ ही बताया कि कन्या का जन्म प्रमाण पत्र, अविभावक का आधार, दो फोटो तथा 250/– रुपये से खाता खोला जाता है । इस दौरान शिविर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि , जयशंकर प्रसाद वर्मा, अम्बिका दुबे, पवन गुप्ता, रविशंकर सिंह, मनोज दुबे सचिन मिश्रा, इडणु प्रणेश, मोहित दुबे आदि सैकड़ों पोस्टमास्टर मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता सेवा सम्मान से सम्मानित हुए आकाश गुप्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन के संस्थापक/अध्यक्ष शीतला प्रसाद गुप्ता (आकाश) को बिहार के सारण जिले में राष्ट्रीय एकता सेवा सम्मान से अलंकृत कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें आल इंडिया रोटी बैंक छपरा के चौथे स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में रोटी बैंक छपरा इकाई के अध्यक्ष रवि शंकर उपाध्यय कर कमलों से अंगवस्त्र, मेमोंटो व प्रमाणपत्र के साथ प्राप्त हुआ। इस मौके पर समाजसेवा से जुड़े देश के 150 से ज्यादा समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। इस सम्मान को श्री गुप्त ने उन उन रक्तदाताओ को समर्पित किया जिनके सहयोग व रक्तदान से अयोध्या जिले में निरन्तर रक्तदान की मुहिम जारी है और हर जरूरतमंदों को संस्था की ओर से खून मुहैया हो पा रहा है। ज्ञातव्य हो कि आकाश गुप्त खुद दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है और 39 वर्ष की अवस्था में अब तक 43 बार ब्लड डोनेट कर चुके है। और वे पिछले 7 वर्षों में राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन के बैनर तले लगभग 50 रक्तदान शिविर लगा चुके है और संस्था के माध्यम से साढ़े चार हजार से ज्यादा मरीजों को ब्लड भी मुहैया करा चुके है। रक्तदान के लिए इन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## राम नगरी अयोध्या में करवा चौथ पर सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र की मन्नत

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या राम की नगरी में सुहागिनियो ने करवाचौथ व्रत रख कर रात्रि आठ बजे चांद को अर्क देकर जल ग्रहण कर व्रत समाप्त किया। हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। करवा चौथ पर निर्जला व्रत और चंद्रमा के दर्शन कर अर्ध्य देने का खास महत्व होता है। इस बार करवा चौथ बहुत ही शुभ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार किसी भी पूजा में अगर मंत्रों का जाप किया जाय तो पूजा अवश्य ही सफल होती है। मंत्रों के जाप से देवी–देवता प्रसन्न होते हैं और सुख–समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में अयोध्या की रामनगरी में रहने वाली व्रत धारी महिलाओं ने बताया कि करवा चौथ पर भगवान शिव–माता पार्वती, भगवान



गणेश और चंद्रदेव की पूजा करने का विधान होता है। ये व्रत पत्नी अपने सुहाग की रक्षा के लिए रहती है।

## पुलिस ने 7 जनपदों की खंगाली फुटेज : फिर भी खाली हाथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा रुदौली से 20 लाख रुपए लेकर फरार होने के मामले में 38 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें राजधानी समेत जनपद बाराबंकी, रायबरेली, बस्ती, सुल्तानपुर व अमेठी में सुराग ढूढ़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने का दावा कर रही है।बदमाशों की लोकेशन जो सीसीटीवी फुटेज से मिली है। उससे साफ है कि बदमाशों ने पुलिस कोतवाली और सीओ दफ्तर से बचते–बचाते हुए गंतव्य की ओर का रुख किया। वारदात के कई दिनों तक बैंक में लेनदेन का कार्य तो ठप रहा, लेकिन बैंक कर्मियों से पुलिस की पूछताछ जारी रही। जब बैंक से जुड़े कर्मियों से भी कोई क्लू हाथ नहीं लगा तो ई–रिक्शा चालकों को बुलाकर उस चालक की खोज की गई, जिस रिक्शे से अंजामकर्ता फरार हुए थे। बावजूद पुलिस को निराशा हाथ लगी।वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस ने रुदौली नगर में महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। कोतवाली के आगे पेट्रोल पंप के पास सीसीटीवी में बैंक से रुपए लेकर भागे युवक का सुराग इतना लगा कि वह आटो रिक्शा पर सवार होकर भेलसर की ओर गए, लेकिन जब भेलसर स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक का फुटेज देखा गया तो उनमें वे नजर न आए।रुदौली कोतवाल, शशिकांत यादव ने बताया साइबर, क्राइम व एसओजी की टीमें इस पर काम कर रही हैं, लेकिन अब तक ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया, जिससे वारदात के अंजामकर्ताओं को अंजाम तक पहुंचाया जा सके। हालांकि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

## अयोध्या के घाट सोलर स्ट्रीट लाईटों की दूधिया रोशनी में होंगे जगमग– जिलाधिकारी नितीश कुमार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यू0पी0 नेडा) द्वारा अयोध्या के प्रमुख घाटों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि शीघ्र ही अयोध्या के सभी प्रमुख घाट सोलर स्ट्रीट लाईटों की दूधिया रोशनी से जगमग होंगे। उन्होंने कार्यदायी संस्था यू0पी0 नेडा को दीपोत्सव से पूर्व घाटों व अन्य चिन्हित स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाईटों के स्थापना का कार्य पूर्ण कर उसे क्रियान्वित कर स्थलों को जगमग करने के निर्देश दिये है। इसी क्रम में कार्यदायी संस्था द्वारा राजघाट उद्यान पार्क में स्ट्रीट लाईटों की स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है।

## पिकअप की टक्कर से घायल किशोर के मामले में मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित तरौली बाजार के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप चालक ने साइकिल सवार किशोर को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों ने आनन–फानन में घायल किशोर को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां हालत नाजुक डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है। मामले में घायल किशोर के पिता की तहरीर पर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने पिक अप एवं चालक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के दसौली पूरे रगड़गंज गांव निवासी रामदीन पुत्र देवीदीन ने इनायत नगर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बीते 9 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे अपने पुत्र अमन के साथ कपड़ा लेने तरौली बाजार के लिए निकला था। उनका 14 वर्षीय बेटा उनकी साइकिल के पीछे दूसरी साइकिल से चल रहा था। तरौली बाजार स्थित पाठक मेडिकल स्टोर के सामने 14 वर्षीय अमन साइकिल लेकर पहुंचा ही था, कि कुरावन से कुचेरा की तरफ तेज रफ्तार गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पिकअप यूपी 42 बीटी 0155 के चालक ने किशोर की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर मौजूद लोगों द्वारा आनन–फानन में घायल किशोर को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर ले जाया गया। जहां हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। किशोर के परिजन युवक को इलाज के लिए फैजाबाद शहर स्थित राजराजेश्वरी हॉस्पिटल नियावां रोड ले गए जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पिता रामदीन की तहरीर पर पिकअप उपरोक्त के चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने धारा 279, 337, 338 एवं 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।